## थैले में रखी लावारिस मिठाई खाने से हुई दूसरी मौत, अभी भी तीन लोग हैं इलाजरत

# जुन्नारदेव मिठाई कांड में 75 वर्षीय बुजुर्ग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव (संजय जैन)

नगर का बहुचर्चित मिठाई कांड में आज मंगलवार सुबह को एक और दुर्भाग्यशाली खबर अंततः मिल ही गई। जब इस मामले में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों में से एक गंभीर वयोवृद्ध सुंदरलाल कथूरिया की मौत हो चुकी है।

गौरतलब है कि इस मामले में यह दूसरी मौत है। इससे पहले ही जिले के एक नामचीन निजी अस्पताल में पीएचई विभाग के चौकीदार दसरू यदुवंशी की भी कथित तौर पर मौत हो चुकी है। जिसमें जिले के उस नामचीन अस्पताल की भी बड़ी लापरवाही सामने आई थी कि बगैर पोस्टमार्टम के ही परिजनों को शव सौंप कर उसका जल्दबाजी में दाह संस्कार कराया गया था।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार तड़के को जिला अस्पताल में उपचाररत 75 वर्षीय बुजुर्ग सुंदरलाल कथूरिया की भी मृत्यु हो चुकी है। अभी भी अन्य तीन पीड़ितों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस मामले में जिला प्रशासन के खाद्य अमले सहित स्थानीय पुलिस के द्वारा तेजी से कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन अब तक उसे अज्ञात लावारिस थैली को रखने वाले व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पानी से मामला उलझा हुआ प्रतीत हो रहा है। इसके अलावा इस मिठाई के स्त्रोत की जानकारी को लगाना भी अब पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनती नजर आ रही है।

पहली मौत के बाद शव का बिना पीएम के दाह संस्कार किया गया था जिससे कि कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। जबकि इस मौत के बाद प्राथमिकता के साथ पीएम कराया गया है। मौत किस जहर की वजह से हुई है यह पीएम रिपोर्ट में पता चलेगा। पुलिस जांच में जुटी है। यह तो स्पष्ट ही है कि किसी ने जहरीली मिठाई लावारिस क्यों छोड़ी क्या मकसद था। पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही खुलासा होने की संभावना है।




### यहां फंस रहे हैं पेंच

इस मामले में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि क्या तामिया मार्ग पर मिली यह मिठाई के डब्बे वाली लावारिस थैली किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किसी विशेष मकसद से रखी गई थी। अब ऐसा माना जा रहा है कि यह मामले में कोई विशेष योजना या साजिश के तहत इस तरह का घटना को अंजाम दिया गया हो ? इस मामले में यह भी महत्वपूर्ण है कि डब्बे में पाई गई मिठाई का विनिर्माण या विक्रय इस क्षेत्र में आम तौर पर नहीं किया जाता है। यदि इस मामले में कोई साजिश है तो फिर इसका यह भी कारण है की थैली और मिठाई के डब्बे और थैली पर किसी प्रतिष्ठान का नाम अंकित ना होना भी साजिश की ओर इंगित कर रहा है। माना जा रहा है कि यह मिठाई किसी अन्य दूसरे शहर के अन्यत्र बाजार से लाकर मकसद विशेष से रखी जा सकती है। जिस स्थान पर यह सब्जी, नमकीन एवं मिठाई के डब्बे वाली थैली रखी गई थी, यहीं से तामिया व पेंच मार्ग पर स्थित गांव जाने हेतु यात्री वाहन भी खड़े होते हैं। ऐसे कई बिंदु है जिसका खुलासा आने वाले दिनों में खासा अहम होगा।

### अब सैंपल की जांच पर टिकी निगाहें

नगर के इस बहुचर्चित मिठाई कांड में रविवार के बाद अब मंगलवार को दूसरी मौत हो जाने के बाद प्रशासन सहित पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौतियां सामने आ चुकी है। नमकीन, सब्जी सहित मिठाई की इस अज्ञात थैली के यहां पर पहुंचने के तरीके एवं उसके रखने वाले अज्ञात शख्स की पहचान अब जरूरी हो चुकी है, क्योंकि माना जा रहा है कि जब यह मिठाई इस क्षेत्र में आमतौर पर नहीं प्राप्त होती है तब आखिर यह मिठाई कहां से, किस तरह यहां पहुंची है ? पुलिस के सामने इस मामले में जांच के दौरान यह बड़ा बिंदु भी होगा कि मिठाई ही दूषित थी या फिर उसमें कुछ मिलाकर उसे विषाक्त रूप दिया गया है। हालांकि इस तथ्य का खुलासा भी खाद्य अमले के द्वारा प्रयोगशाला में भेजे गए सैंपल की जांच के बाद ही हो पाएगा।

### इनका कहना है

लावारिस मिठाई के मामले में यह बुजुर्ग की दूसरी मौत हो जाने के बाद मर्ग कायम किया गया है। इस मामले में दर्ज मामले के हिसाब से विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

**राकेश सिंह बघेल**
**नगर निरीक्षक, थाना-जुन्नारदेव**

## प्रसिद्ध ब्रांड 'हल्दीराम' की सोनपापड़ी में निकलीं इल्लियां

**छिंदवाड़ा/परासिया:** शुद्धता का दावा करने वाले देश के प्रतिष्ठित ब्रांड 'हल्दीराम' की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। परासिया के स्टेशन रोड निवासी एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया द्वारा खरीदे गए हल्दीराम सोनपापड़ी के पैकेट में ज़िंदा इल्लियां और जाले रेंगते हुए पाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौरसिया ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा को लिखित शिकायत सौंपकर कंपनी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला :** समाजसेवी ने बताया कि उन्होंने 02 जनवरी 2026 को परासिया स्थित हल्दीराम के डिस्ट्रीब्यूटर (काले जी) से सोनपापड़ी के दो पैकेट खरीदे थे। एक पैकेट खोलने पर उसमें इल्लियां देखकर परिवार के सदस्य दंग रह गए। इसकी शिकायत तुरंत कंपनी के कस्टमर केयर पर की गई और साक्ष्य के रूप में फोटो व बैच नंबर ईमेल (**customer-care @haldiramcare.com**) भी किए गए। चौरसिया का आरोप है कि कंपनी द्वारा इस गंभीर लापरवाही पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई।



**जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ का आरोप:** विगत 16 वर्षों से समाज सेवा और मानव सेवा में सक्रिय समाजसेवी ने कहा कि हल्दीराम जैसे बड़े ब्रांड से जनता को शुद्धता की उम्मीद होती है, लेकिन इस तरह की लापरवाही आम आदमी की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ है। यदि एक जागरूक नागरिक इस पर आवाज नहीं उठाएगा, तो ऐसी कंपनियां मासूम बच्चों और लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती रहेंगी।

**खाद्य विभाग से की गई ये मांगें:** फूड सेफ्टी ऑफिसर गोपेश मिश्रा एवं पंकज कुमार घागरे खाद्य विभाग छिंदवाड़ा को दूषित सामग्री का सील पैक डब्बा और खुला हुआ डब्बा साक्ष्य के रूप में सौंपा है। जिसकी जांच हेतु इसकी विधिवत जब्त किया। और आश्वासित किया कि भोपाल लैब से शीघ्र अति शीघ्र भोपाल लैब से इसकी जांच करवा करके संबंधित के विषय कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित दुकान और उस 'लॉट' (**Batch**) के नमूनों की तत्काल जांच हो। बाजार में बिक रहे उस दूषित बैच के सभी पैकेटों को तुरंत वापस (**Recall**) करवाया जाए। लापरवाही बरतने पर कंपनी के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र के उपभोक्ताओं में रोष है और लोग खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सशंकित हैं।

## हाईकोर्ट आदेश के बावजूद द्वितीय क्रमोन्नति लंबित, जबलपुर संभाग के शिक्षक उपेक्षित

### 24 वर्षों की सेवा के बाद भी लाभ से वंचित, जूनियर शिक्षकों का वेतन सीनियर से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति सामने आई है, जहाँ वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को उनके वैधानिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। वर्ष 1998–99 में शिक्षाकर्मी वर्ग-2 के रूप में नियुक्त, 2010–11 में प्रथम क्रमोन्नति तथा 2012 में वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नत होकर वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में सेवाएँ दे रहे शिक्षकों को नियुक्ति के 24 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद आज तक द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया गया है। स्थिति इसलिए और भी गंभीर है क्योंकि जबलपुर संभाग को छोड़कर मध्यप्रदेश के अन्य संभागों में 24 वर्षीय द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश जारी हो चुके हैं और वहाँ शिक्षकों को इसका लाभ भी मिल रहा है। इसके चलते जबलपुर संभाग में गंभीर वेतन विसंगति उत्पन्न हो गई है, जहाँ जूनियर शिक्षक, अपने सीनियर शिक्षकों से अधिक वेतन प्राप्त कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल सेवा नियमों के विपरीत है, बल्कि वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान, मनोबल और अनुभव के मूल्य पर भी सीधा आघात है।मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब यह तथ्य सामने आता है कि छिंदवाड़ा जिले के उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने इसी विषय पर जबलपुर हाईकोर्ट से स्पष्ट आदेश प्राप्त कर लिया है, जो आयुक्त लोक शिक्षण के लिए पूर्णतः बाध्यकारी है। इसके बावजूद शिक्षकों द्वारा आयुक्त को विधिवत अभ्यावेदन सौंपे जाने के बाद भी आज दिनांक तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे प्रशासनिक उदासीनता और संवेदनहीनता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।शिक्षकों का कहना है कि यह मामला अब केवल क्रमोन्नति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समानता, न्याय और संवैधानिक अधिकारों का प्रश्न बन चुका है। एक ही शासन, एक ही विभाग और एक ही सेवा नियम होने के बावजूद केवल जबलपुर संभाग के शिक्षकों को इस लाभ से वंचित रखना स्पष्ट रूप से भेदभाव को दर्शाता है। शिक्षकों के संगठन उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ व मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सहित राज्य शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही द्वितीय क्रमोन्नति लागू कर वेतन विसंगति समाप्त नहीं की गई, तो वे न्यायालय की अवमानना याचिका, राज्यस्तरीय आंदोलन तथा मीडिया के माध्यम से व्यापक जनदबाव बनाने के लिए बाध्य होंगे।अब यह शासन और शिक्षा विभाग को तय करना है कि वे अपने ही शिक्षकों के धैर्य की परीक्षा लेते रहेंगे या समय रहते न्याय देकर व्यवस्था में विश्वास बहाल करेंगे।क्योंकि जब जूनियर ,सीनियर से अधिक वेतन पाए और 24 वर्षों की निष्ठावान सेवा के बाद भी शिक्षक न्याय की प्रतीक्षा करे — तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न बन जाता है।

### स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम अत्यंत जरूरी: संदीप मोहोड़

**सौंसर।** स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मंगलवार को अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन सौसर में 'फिट इंडिया मिशन' के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ सम्मिलित हुए,जिन्होंने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर की प्रथम नागरिक और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंद्रचांद डागा की विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों में जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, श्रीमती करूणा वाकोडे, श्रीमती शुभागिणी उतखेडे, पंकज उतखेडे सुभाष राऊत, श्रीमती वर्षा राऊत,भारती चंदनकर मौजूद रहे।

## हर्रई BEO कलम्बे पद से हटाए गए

### जांच रिपोर्ट के बाद जनजातीय कार्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

हर्रई विकासखंड में शिक्षकों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के मामले में जनजातीय कार्य विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) हर्रई प्रकाश कलम्बे को उनके पदीय दायित्व से मुक्त कर दिया गया है।



#### जांच प्रतिवेदन के बाद आदेश जारी

जनजातीय कार्य विभाग, छिंदवाड़ा द्वारा जारी आदेश क्रमांक 215/सा.स्था/जजाकावि/2026 दिनांक 03 जनवरी 2026 के अनुसार, तहसीलदार हर्रई को 24 दिसंबर 2025 को सौंपे गए शिक्षकों के ज्ञापन में उल्लिखित बिंदुओं की जांच के लिए गठित समिति ने 11 जनवरी 2026 को अपना जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। इसी प्रतिवेदन के आधार पर प्रकाश कलम्बे (मूल पद – व्याख्याता) को विकास खंड शिक्षा अधिकारी हर्रई के दायित्व से हटा दिया गया।

#### अस्थायी रूप से नया BEO नियुक्त

प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किशोर पांडे, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय संदीपनी विद्यालय हर्रई (वर्तमान में प्रभारी विकासखंड स्रोत समन्वयक, तामिया) को अपने वर्तमान दायित्व के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक विकास खंड शिक्षा अधिकारी हर्रई का प्रभार सौंपा गया है। डीडीओ के वित्तीय अधिकार भी सौंपे गए चूंकि विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हर्रई एक डीडीओ (**Drawing & Disbursing Officer**) कार्यालय है, इसलिए किशोर पांडे को मध्यप्रदेश कोष संहिता भाग-1 के नियम 125 के अंतर्गत आहरण एवं संवितरण के समस्त वित्तीय अधिकार भी प्रदान किए गए हैं।

#### तत्काल प्रभाव से लागू

आदेश आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभावशील होगा। उक्त कार्रवाई को कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा अनुमोदित किया गया है।शिक्षकों में संतोष, निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीदहर्रई विकासखंड के शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से लंबित वेतन, एरियर, क्रमोन्नति और अन्य मामलों को लेकर जो असंतोष था, उस पर अब प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। शिक्षकों को उम्मीद है कि नई व्यवस्था में लंबित प्रकरणों का शीघ्र और पारदर्शी निराकरण होगा।जनजातीय कार्य विभाग की इस कार्रवाई को शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## 131 परीक्षा केंद्रों में होगी बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी बीईओ को अपने ब्लॉक के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर फोटो के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए पुनः निर्देश दिए हैं। जिनके द्वारा अभी तक सभी केंद्रों का निरीक्षण नहीं किया गया, उन पर नाराजगी भी जाहिर की। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि शिक्षण सत्र 2025- 26 के लिए मंडल द्वारा जिले में 131 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है । जिनके लिए प्रक्रियानुसार केन्द्र अध्यक्षों एवं सहायक केंद्र अध्यक्षों की नियुक्ति कर रिजर्व सहित कुल 316 प्राचार्यों/ शिक्षकों की संपूर्ण जानकारी मंडल के पोर्टल पर ऑनलाइन कर दी गई है। इसी तरह प्रत्येक परीक्षा केंद्र तक गोपनीय सामग्री ले जाने के लिए भी कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्त कर ऑनलाइन प्रविष्टि भी की जा चुकी है। जिले के 5 विकासखंडों छिंदवाड़ा, परासिया, अमरवाड़ा, चौरई और जुन्नारदेव का एक-एक परीक्षा केंद्र अतिसंवेदनशील केटेगरी में शामिल किया गया है।

### आन बान शान के साथ मनेगा गणतंत्र पर्व, हुई बैठक

**सौंसर।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को क्षेत्र में पूरे उत्साह, देशभक्ति और भव्यता के साथ मनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। मंगलवार को सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष का गणतंत्र पर्व न केवल पारंपरिक होगा, बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जनता और युवाओं को सीधे जोड़ने वाला होगा।

बैठक में मुख्य समारोह स्थल पर परेड, स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों पि.टी व्यायाम प्रदर्शन गांधी चौक में होने वाले कार्यक्रम जगह-जगह पर ध्वजारोहण आदि को लेकर चर्चा की गई है। सभी स्कूलों के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में होंगे,मुख्य आयोजन में सम्मिलित होने वाले कार्यक्रम पी टी आदि का चयन 22 जनवरी को किया जाएगा, बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 26 जनवरी पर होने वाले कार्यक्रम आदि को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## मकर संक्रांति पर ग्राम सांवगी में होगा प्रार्थना महोत्सव

**सौंसर।** ग्राम सावगी में ब्रह्मलीन परम पूजनीय भय्याजी महाराज श्री क्षेत्र सावंगी मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को प्रार्थना महोत्सव व जन्मोत्सव निमित्त प्रवचन कार्यक्रम संपन्न होगा,सच्चीदानंद मण्डल सौसर से मिली जानकारी के अनुसार श्री ताज आनंद आश्रम सावंगी मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को प्रार्थना महोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह सम्पन्न होगा. जिसमे सुबह 4 बजे समाधी अभिषेक, तदुपरान्त प्रार्थना स्तोत्र का परायण, हवन, भजन एवं दोपहर 12 से 2 बजे तक ह. भ. प. हरिभक्त परायण लक्ष्मणदासजी काले महाराज का प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन होगा तदुपरांत आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण होंगा, मकर संक्रांति के पावन पर्व पर इस ग्रंथ का प्रथम वाचन 1960 में श्री ताज आनंद आश्रम सावंगी में हुआ और तभी से इसे श्रद्धालुओं की विशेष मांग पर इस ग्रंथ की हस्तलिखित कापी से ही गांव - गांव में प्रवचन के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाने लगा है।महाराज श्री चेत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती दिन रविवार 15 अप्रैल 1984 को ब्रह्मलीन हुए है।श्री ताज आनंद आश्रम के श्री सोमकांत दिवाकर बेंडे, अध्यक्षा श्रीमती वृशाली मुदगल ने भविको से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की हैं।



### अब तक नहीं मिली 15 माह से लापता महिला

**परासिया :-** परासिया वार्ड 9 हनुमान मंदिर के पास चौकी मोहल्ला में रहने वाली 48 वर्षीय महिला शहजादी बानो पति अक्कू बीते 15 माह से लापता है । जो अब तक नहीं मिली है । परिजनों ने 25 अक्टूबर 2024 को परासिया थाने में इसकी सूचना दर्ज कराई थी । महिला उक्त दिनांक को सुबह छः बजे बिना किसी को बताये घर से निकली थी । महिला का रंग गोरा , चेहरा गोल , ऊंचाई करीबन 4.8 इंच बताई जा रही है , और वह लाल रंग का सलवार सूट पहनी हुई थी , साथ में एक की पैड मोबाईल जिसका नं. 9893740753 लेकर गई है । पुलिस ने महिला की सूचना इस नंबर 7587645974 पर देने की अपील की है।

### श्री शिवधाम मंदिर झिरीघाट में अखण्ड श्रीराम जयजय राम संकीर्तन का भव्य आयोजन

**दमुआ।** दमुआ सारनी मार्ग के झिरीघाट बाबा माल्हादेव एवं श्री शिव मंदिर धाम झिरीघाट में आज दिनांक 13 जनवरी दिन मंगलवार से श्री राम जय राम जय जय राम 24 घण्टे का अखण्ड राम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है जिसमे हर हर महादेव जय मानस भजन मण्डल चांदामेटा परासिया के द्वारा भव्य श्रीराम जय राम जय जय राम संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है जो अनवरत 24 घंटे तक चलता रहेगा जिसका समापन कल दिनांक 14 जनवरी मकरसंक्रांती के पावन अवसर पर किया जावेगा इस अवसर पर हवन पूजन पूर्णाहूति आहूति एवं विशाल भण्डारा प्रसादी का भी आयोजन किया गया है बाबा माल्हादेव धाम समिति झरीघाट एवं श्री आनंद पवार, बल्लू शिवहरे, अशोक मर्सकोले , सुखबीर खुराना उनकी समस टीम कार्यक्रम को विशेष सहयोग प्रदान कर रही है। अतः समस्त भक्त श्रद्धालुओं भक्तजनों ग्रामीण जनो से धार्मिक कार्यक्रम में सामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर पूण्यलाभ अर्जित करने का समिति द्वारा आव्हान किया गया है।

### राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में गीतांजलि रघुवंशी ने जीता खिताब



**छिंदवाड़ा।** ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप में छिंदवाड़ा की छात्रा गीतांजलि रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मैच में आई.पी.एस. कॉलेज, छिंदवाड़ा की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा गीतांजलि रघुवंशी ने उज्जैन की शुभी को कड़े मुकाबले में पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। पूरे टूर्नामेंट में गीतांजलि का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा और उन्होंने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।गीतांजलि की इस उपलब्धि पर आई.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य श्री जैमिनी खानवे ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। वहीं मानविकी विभागाध्यक्ष श्री असीम शर्मा ने भी छात्रा की मेहनत और अनुशासन की सराहना की तथा भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।इसके साथ ही सहायक प्राध्यापक लीना पवार ने भी गीतांजलि को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में इस प्रकार की उपलब्धि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दर्शाती है।

### देशी- विदेशी पर्यटकों को सावरवानी दे रहा है हेल्दी एंड हैप्पी लाइफ

## जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी ने पूरे किए बेमिसाल तीन साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गांव की मिट्टी की सौंधी खुशबू, केवल देश के महानगरों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी पर्यटकों को पर्यटन ग्राम सावरवानी खींच लाती है...सुबह-सबेरे मुर्गे की बांग, बकरियों की मिमियाहट, बैलगाड़ी की सवारी, लोक - नृत्य, मिट्टी के घर, गांव में हरे-भरे खेत, कच्चे रास्ते, गलियों में खेलते गाय-भैंस के बछड़े और सुकून भरा माहौल यहां की पहचान है। बीते 03 सालों में 12 देशों सहित भारत के 15 प्रदेशों के 10 हजार से अधिक पर्यटक छिंदवाड़ा जिले के तामिया विकासखंड के इस पर्यटन ग्राम सावरवानी में स्वाद, संस्कृति, सुकून और सादगी का आनंद लेने के साथ, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित यहां के होम स्टे में हेल्दी व हैप्पी लाइफ जी चुके हैं। ग्रामीण पर्यटन का नया चेहरा बनकर उभरे सावरवानी गांव में 14 जनवरी साल 2023 में जबसे तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ व वर्तमान छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने ग्राम के पहले होम स्टे का शुभारंभ फीता काटकर किया, तभी से पूरा ग्राम आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ा हुआ और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मॉडल गांव बनकर उभरे पर्यटन ग्राम सावरवानी में वर्तमान में 09 होम संचालित हो रहे हैं और दो होम स्टे निर्माणाधीन है। गांव की गलियों, खेतों की हरियाली और मिट्टी की सोंधी खुशबू के साथ एडवेंचर, देसी भोजन का स्वाद, संस्कृति और सुकून में पर्यटकों का मन, मानो रम ही गया है। यही करण है कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा होम स्टे बुकिंग छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी को मिल रही है। दिसंबर माह के अंतिम व जनवरी के शुरूआती दिनों में यहां पर सारे होम स्टे पर्यटकों से गुलजार रहे।



#### रोजगार का बंपर तोहफा

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी होम स्टे योजना से सावरवानी को रोजगार का बंपर तोहफा मिला। यहां की स्थानीय महिलाओं ने पर्यटकों को अपने हाथों से बना हुआ शुद्ध देशी घी बेचा और 11 लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। घरों के बगीचे और खेतों में उगाई गई दाल व सब्जियों के साथ ज्वार-मक्के के आटे ने भी बिक्री कीर्तिमान रचा है। गाइड, बैलगाड़ी चालक से लेकर करीब लोकनृत्य से जुड़े 100 से अधिक व्यक्ति, होम स्टे बन जाने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़ गए हैं। रोजगार से जुड़े सभी ग्रामीणों ने इन 03 सालों में स्वयं को आत्मनिर्भर बना लिया है।

## दिव्यांका के जीवन में फिर जला उजाले का दिया

# शासन की योजना से लौटी मासूम के आँखों की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शासन की जन-कल्याणकारी योजना ने एक बार फिर अपना सकारात्मक और मानवीय स्वरूप दिखाया है। पांढुर्णा विकासखंड के ग्राम धावडीखापा निवासी 7 वर्षीय मासूम दिव्यांका वंजारी, जो जन्मजात दोनों आँखों में मोतियाबिंद से पीड़ति थी, सफल उपचार के बाद अब फिर से देखने लगी है। इस सराहनीय सफलता से न केवल एक बच्ची का भविष्य संवर गया, बल्कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं पर आमजन का विश्वास भी और मजबूत हुआ है।



### शालेय जांच में हुई बीमारी की पहचान

यह उपलब्धि कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र सलामे के सतत प्रयासों का परिणाम है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. लता खण्डार, श्रीमती रीता बुवाडे एवं एएनएम द्वारा विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान दिव्यांका की बीमारी की पहचान की गई।

### शासन की ओर से निशुल्क हुआ इलाज

जाँच में सामने आया कि दिव्यांका जन्म से ही दोनों आँखों में मोतियाबिंद से ग्रसित थी, जिसके कारण उसकी दृष्टि बाधित हो चुकी थी। प्राथमिक पुष्टि के लिए उसे सिविल अस्पताल पांढुर्णा में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम श्रीवास्तव को दिखाया गया। इसके बाद जिला अस्पताल छिंदवाड़ा तथा सेवा सदन हॉस्पिटल, बैरागढ़ (भोपाल) में भर्ती कराकर दोनों आँखों का पूर्णतः निशुल्क ऑपरेशन किया गया जो शतप्रतिशत सफल रहा। ऑपरेशन के बाद दिव्यांका की आँखों की रोशनी लौट आई है और अब वह सामान्य बच्चों की तरह जीवन की रंगीन दुनिया देख पा रही है।

### माता पिता ने जताया शासन का आभार

बेटी की दृष्टि लौटने पर पिता दीपक वंजारी ने आशा कार्यकर्ता, शिक्षक घनश्याम कालभोर, शिक्षिका उर्मिला डाले, स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह घटना शासन की योजनाओं, प्रशासनिक संवेदनशीलता और स्वास्थ्य अमले की सजगता का प्रेरक उदाहरण है।

## तिगांव के विद्यार्थियों ने पातालकोट तामिया का किया शैक्षणिक भ्रमण



**पांढुर्णा।** पी. एम श्री शासकीय संजय गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिगांव के 386 विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन ने गत दिवस विकासखंड पांढुर्णा जिला पांढुर्णा के विद्यार्थियों को छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट तामिया का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्र छात्राओं के एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, औषधीय पौधे एवं सांस्कृतिक धरोहर व सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को करीब से जानना और समझना रहा। इस भ्रमण में छात्रों ने पातालकोट घाटी, गेस्ट हाउस तामिया, छोटा महादेव आदि स्थलों का भ्रमण किया। छात्रों ने यहां एक अनोखी घोड़े की नाल के आकार की घाटी देखी जो अपनी अपार गहराई आदिवासी समुदाय (गोंड और भारीया) प्राचीन चट्टानों और समृद्ध वन संपदा के लिए जानी जाती है। विद्यार्थियों ने यहां ग्रामीणों से जाना की पातालकोट घाटी को कुबेर का खजाना भी कहते हैं क्योंकि यहां दुर्लभ औषधीय पौधों का भंडार है जिससे असाध्याय रोगों का भी इलाज किया जा सकता है।

## हिन्दू सम्मेलन समिति का ध्वज स्थापना एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न



**जुन्नारदेव।** हिन्दू सम्मेलन समिति का ध्वज स्थापना एवं भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। हिन्दू सम्मेलन समिति जुन्नारदेव द्वारा 21 जनवरी को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन नंदलाल सूद स्कूल खेल परिसर मे किया गया है।इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर आज विनय शास्त्री महाराज द्वारा विधिवत भूमिपूजन एवं ध्वज स्थापना कर आयोजन का श्रीगणेश किया गया।इस अवसर पर समिति संयोजक श्री राकेश जैन संयोजिका मातृशक्ति श्रीमती सोनिया कुमरे,श्रीमति गुप्ता सहसंयोजक श्री विष्णु शर्मा, सुरेश भोला सोनी, दीपेश अग्रवाल खंड सह कार्यवाह श्री जीत राजपूत, पं श्री नितिन शर्मा,श्री अशोक जुनेजा,श्री दर्शन मिगलानी, भूषण अरोरा, विशाल साक्लये,कपिल चौरसिया , अरूणेश जायसवाल आदि समिति सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सभापति संजय जैन ने किया स्कूल आंगनवाड़ी वार्ड का निरीक्षण



**जुन्नारदेव :** नगर पालिका परिषद के सभापति द्वारा स्कूल आंगनवाड़ी एवं वार्ड का निरीक्षण किया गया। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन ने वार्ड प्रभारी निलेश के साथ संयुक्त रूप से वार्ड का भ्रमण किया ।वार्ड में नाली के समीप पेयजल नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। वहीं शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के समूह का निरीक्षण किया ।इसी के साथ आंगनवाड़ी भवन में अध्यनरत बच्चों से चर्चा की गई।वार्ड निरीक्षण के दौरान साफ सफाई लाइट एवं अन्य सुविधाओं की स्थल परीक्षण कर नगर पालिका कर्मियों संबंधित वार्ड प्रभारी को निर्देशित किया । वार्ड भ्रमण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के केंद्र अध्यक्ष मुकेश बंदेवार धनराज पाल प्रधान पाठक प्रदीप सिंह ठाकुर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुमारी महक पंकज बंदेवार एवं वार्ड वासी उपस्थित थे ।वार्ड क्रमांक 11 सग्गम में कायाकल्प के तहत सीसी रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस निर्माण कार्य के निरीक्षण करने मुख नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे एवं वार्ड पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन सभापति ने सूक्ष्म निरीक्षण कर संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि पूर्ण गुणवत्ता एवं आम जनमानस की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीसी रोड का निर्माण किया जाना आवश्यक होगा ।निरीक्षण के समय वार्ड में वर्षों से बंद पड़ी नालियों को खुलवाकर आम जनमानस को सुविधा प्रदान किया गया।

## सूर्य नमस्कार के लिए उठे एक साथ हजारों हाथ

**जुन्नारदेव।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस पर विधानसभा क्षेत्र के समस्त शासकीय कार्यालय में सूर्य नमस्कार किया गया। इस दौरान नगर के पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव अपील समिति सदस्य सभापति संजय मदन लाल जैन दीप्ति साहू, नीता शरद कुरोलिया, राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बिजोरी हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने किया जंगल का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

किताबी ज्ञान के साथ वन एवं वन्य प्राणी पर्यावरण का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लिए तामिया में वन विभाग द्वारा बिजोरी हाई स्कूल के विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग के रेस्ट हाउस में आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड और वन विभाग के साझा अनुभूति कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को जंगल का भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों ने प्रकृति का सुंदर आनंद लेते हुए जंगल में मौजूद पेड़ पौधों औषधीय प्राकृतिक जैव विविधता वन्य प्राणियों की मौजूदगी साक्ष्य के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ बेहद जुड़ाव देखने मिला हम हैं बदलाव हम हैं धरती के दूत की थीम पर इस बार तामिया रेंज में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता में सभी बिजोरी हाई स्कूल के छात्र छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और उन्होंने प्रश्नोत्तरी में बढ़-चढ़कर सवालों का जवाब दिया जिससे बिजोरी स्कूल के छात्र-छात्राओं की ज्ञान पर सभी मौजूद जनप्रतिनिधि अधिकारी पत्रकार आश्चर्यचकित रहे की बिजोरी के छात्र कितने बुद्धिमान है। इस अनुभूति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके ने भी छात्र-छात्राओं से सीधी चर्चा की और उनके ज्ञान की सराहना की और उनके शिक्षा जगत में उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सभी छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए और उनके साथ ग्रुप फोटो निकाला है जिससे छात्र-छात्राएं उत्साहित नजर आए चित्रकला एवं सवाल जवाब में छात्र-छात्राओं को इनाम वितरण किए गए।

इस अवसर पर एसडीओ उपमंडला अधिकारी तामिया वन क्षेत्राधिकारि हिमांशु विश्वकर्मा सहित पर विभाग के नाकेदार डिप्टी रेंजर मौजूद रहे वहीं जनप्रतिनिधि में जिला पंचायत सदस्य रंजना,ठाकुर जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम जनपद उपाध्यक्ष सुधीर अहके कुर्सी ढाना सरपंच राजेंद्र ठाकुर भाजापा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची के अलावा स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे अंत में कार्यक्रम का आभार उपवन मंडल अधिकारी द्वारा किया गया वहीं रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा ने पर्यावरण एवं वन बचाव की शपथ सभी छात्र-छात्राओं एवं मौजूद जनप्रतिनिधियों गणमन नागरिक को दिलवाई।

## स्व. वीर शहीद कबीरदास उइके शासकीय कॉलेज बिछुआ में नव मतदाता जागरूकता अभियान



**बिछुआ।** जिला भाजपा अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष के निर्देशानुसार स्व. वीर शहीद कबीर दास उइके शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ में नव मतदाता संपर्क एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रभारी के नाते छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान नव मतदाताओं को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम सुधार, विलोपन एवं अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर मंडल मीडिया प्रभारी रजत वानखेड़े, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन कड़वे,टिंकू ठाकुर,मुकेश पवार सहित युवा मोर्चा के साथी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सांसद ने दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मकर संक्रांति के अवसर पर जिलेवासियों को दिये गये अपने संदेष में सांसद श्री साहू ने कहा कि आप सभी के आने वाले दिन तिलकुट की तरह मीठे हो। यह मकर संक्रांति का पर्व आपके जीवन में सुख समृद्धी, नई आषाएं एवं खुषिया और प्रेम लेकर आये। यह पर्व प्रकृति के बदलाव का संदेष भी देता है और यह इस बात का संकेत देता है कि आप प्रकृति के अनुकूल अपनी दिनचर्या निर्धारित करे और प्रसन्न एवं स्वस्थ्य रहे।

## एडवें चर इंगिलिश पब्लिक स्कल भानेगॉव में किया गया सूर्य सामोहिक सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज लांजी।



युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय यवा दिवस क रूप में 12 जनवरी 2026 दिन सोमवार को एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कल भानेगॉव में मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के संचालक श्री ए. आर. कशले जी के द्वारा मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र' के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यकम की शरूवात की गई तत्तपश्चात कक्षा नर्सरी से आवठी तक के अध्ययनरत लगभग 1150 उपसिथित छात्र । छात्राओंव शिक्षकों के द्वारा सामोहिक सूर्य नमस्कार के बारह आसन किया गया साथ ही विभिन्न आसन योग. प्राणायाम भी किये गये । संचालक महोदय जी के द्ारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया व योग प्राणायाम से हमारे मानव शरिर पर होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया गया व विद्यार्थीयों को अपने दिनचर्या में प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया ।स्कूल के संचालक श्री ए. आर. कशले ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। सूर्य नमस्कार से एकाग्रता, स्मरण शक्ति और ऊर्जा के स्तर में सुधार होता है, शारीरिक शक्ति को बढ़ावा मिलता है। सूर्य नमस्कार विद्यार्थियों के शान्त और केनद्रित दिमाग को बढ़ावा देता है। सूर्य नमस्कार करने से वजन कम करने में मदद मिलती है, दर्द से आराम, चेहरे पर निखार और पेट की समस्या से निजात मिलती है।उक्त आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानपाठिका श्रोमतो ममता कशले, शिक्षक रोहित चंदेल, नरेन्द्र कटरे, श्भम मेश्राम, सरेन्द्र 'देवाहे, शिक्षिका सूनिता नखाते, सीमा येरपडे, भागरता ठाकरे, रानू दखने, यशोदा कलपूरे, एवं स्कल की समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिती रही ।

## पीएम श्री शास.उ.मा.वि. भेंडारा में मनाया गया युवा दिवस, छात्र- छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

12 जनवरी सोमवार को विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडारा में स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के अवसर पर रयुवा दिवसर का आयोजन किया गया। बताया गया की इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रादेशिक स्तर पर संचालित माननीय मुख्यमंत्री महोदय के माध्यम से प्रसारित होने वाली रेडियो प्रसारण के अनुसार सामूहिक सूर्य-नमस्कार किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख श्री आर नागपुरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं प्राणायाम मनुष्य के उत्तम स्वास्थ्य की अमूल्य दवा है , सभी को अपनी दिनचर्या में कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए ।स्काउट एवं गाइड के प्रभारी शिक्षक श्री नंदकिशोर आड़े के द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम करवाया गया । इस अवसर पर शिक्षकगण एंव विधार्थी मौजूद रहे।

### सब स्टेशन की फेंसिंग से केंद्रीय विद्यालय की फेंसिंग में करंट आने की संभावना

## करंट की चपेट में आने से पालतू मवेशी भैंस की मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्र की मार्यल नगरी तिरोड़ी में केन्द्रीय विद्यालय की तार फेंसिग में फैले करंट की चपेट में आने से कथित तौर एक पालतू मवेशी भैंस की मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब 09 बजे के आस-पास की बताई जा रही है। वार्ड क्रमांक 14 निवासी पशु मालिक कैलाश सोनवाने का दावा है कि केंद्रीय विद्यालय की फेंसिंग में फैले करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि फेंसिंग में काफी लंबे समय से करंट आ रहा था। उन्होंने इस बात की मौखिक शिकायत केन्द्रीय विद्यालय में की गई थी। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। जिस वजह से यह हादसा हुआ। करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत की जानकारी मिलते ही केंद्रीय विद्यालय प्रशासन भी हरकत में आया और बिजली विभाग को सूचना दी गई। सुबह साढ़े 11 बजे सहायक यंत्री राजीव रंजन अपने मातहत अधिकारी और कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सहायक यंत्री ने कहा कि करंट की चपेट में आने से ही हादसा हुआ है यह जानकारी देना अभी उचित नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय विद्यालय की फेंसिंग को बिजली विभाग के सब स्टेशन की फेंसिंग से जोड़ दिया गया था। संभव हो सकता है कि सब स्टेशन के अर्थ करंट के जरिए विद्यालय की फेंसिंग में करंट आ गया होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जब सब स्टेशन की फेंसिंग में केंद्रीय विद्यालय की फेंसिंग को जोड़ा जा रहा था तब ऐसा करने से मना भी किया गया था।

सहायक यंत्री ने भले ही करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत होने के दावे को कबूल नहीं किया लेकिन पशु मालिक ने करंट से ही मौत होने का दावा किया है। पीएम होने के बाद मौत भैंस की मौत किन कारणों से हुई यह बात साफ हो जाएगी। लेकिन सहायक यंत्री ने तार फेंसिंग के दौरान की जा रही गलती को लेकर जिन संभावनाओं की जिक्र करते हुए केंद्रीय विद्यालय प्रशासन को सचेत किया था वह एक बड़ा सवाल है। दरअसल, जब बिजली विभाग ने सतर्क करते हुए विद्यालय की तार फेंसिंग को सब स्टेशन की फेंसिंग में ना जोड़ने की समझाइश दी थी फिर भी ग्राम पंचायत ने पूरे मामले में बड़ी लापरवाही बरती। दरअसल, ग्राम पंचायत तिरोड़ी के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में फेंसिंग करवाई गई थी।

### बकरामुंडी स्थित वनविभाग के फारेस्ट जांच नाके का मामला

## वाहन मालिक से रिश्वत लेने के मामले में डिप्टी रेंजर की मौज, विभाग ने नहीं की अब तक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी।





गत 28 दिसंबर को वनविभाग लांजी के बकरामुंडी स्थित जांच नाके में पदस्थ डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद हरिनखेड़े पर एक वाहन मालिक ने मवेशियों से लदे वाहन को नाके से गुजरने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। परंतु मविशियों और वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण होने पर वाहन मालिक ने डिप्टी रेंजर को रिश्वत देने से साफ इंकार कर दिया था परंतु नशे में धुत्त डिप्टी रेंजर द्वारा उसकी बात न मानते हुए रूपये मांगने की जिद पर अड़ा रहा जिसके बाद वाहन मालिक द्वारा इस संबंध में मीडिया को शिकायत की थी जिस पर विभिन्न समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों पर डिप्टी रेंजर द्वारा रिश्वत मांगे जाने का समाचार प्रकाशित किया गया परंतु उक्त घटना के 15 दिन बाद भी विभाग द्वारा डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद हरिनखेड़े पर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से वाहन मालिक निराश है और जिला मुख्यालय स्थित वनविभाग के आला अधिकारियों को उक्त घटना की शिकायत करने की बात कही है। वाहन मालिक ने बताया की इस संबंध में वनविभाग लांजी के अधिकारियों द्वारा बयान भी लिये गये है परंतु अब तक कार्यवाही नहीं किये जाने से वह निराश है। और दो तीन दिनो के भीतर कार्यवाही नहीं होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत करने की बात कही है।

**वाहन छोड़ने बदले मांगे थे 200 रूपये:** विदित हो की 28 दिसंबर रविवार को शाम 4.30 बजे के करीब एक पिकअप वाहन मवेशी लेकर बकरामुंडी स्थित जांच नाके से गुजर रहा था तभी नशे में धुत्त दुर्गाप्रसाद हरिनखेड़े द्वारा वाहन को रोका गया और मवेशी एवं वाहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गये। जिस पर वाहन चालक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज दिखा दिये उसके बाद भी डिप्टी रेंजर द्वारा नशे की हालत में वाहन चालक से रूपये की मांग की जाने लगी जिस पर वाहन चालक द्वारा विरोध किया गया तो डिप्टी रेंजर ने वाहन नहीं जाने देने की धमकी देने लगा। वाहन चालक ने बताया की डिप्टी रेंजर आये दिन इसी तरह की हरकते करता रहता और रूपयों की मांग करता है। जिससे वाहन चालक बहुत ज्यादा परेशान है। उक्त घटना से कुछ दिनों पूर्व कारंजा स्थित जांच नाके से भी लकड़ी से लदे ट्रेक्टर को रूपये लेकर छोडने का मामला प्रकाश में आ चुका है।

### आमंत्रण पत्र में प्रोटोकॉल का उल्लंघन होने से थे नाराज, मंत्री प्रहलाद पटेल के बुलाने पर पहुॅचे मंच पर

## जनता के बीच बैठे विधायक विवेक विक्की पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी के नवीन कार्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम के मौके पर उस वक्त एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गई, जब क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और फिर मंच पर बैठने के स्थान पर नीचे जनता के बीच जाकर कुर्सी पर बैठ गए।

**पहले किया इंकार, फिर पहुॅचे मंच पर:** विधायक श्री पटेल को जनता के बीच बैठे हुए देखकर अधिकारियों के होश उड़ गए और उन्हें मनाने का प्रयास प्रारंभ कर दिया गया। यह सब देखकर तत्काल मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्थिति को सम्हालते हुए मंच से ही विधायक श्री पटेल को मंच पर आमंत्रित किया। जिस पर पहले तो विधायक श्री पटेल ने मंच पर आने से इंकार कर दिया, लेकिन जब पुनः मंत्री श्री पटेल ने उन्हें मंच बुलाया, तो वह मंच पर बैठने के लिए चले गए। जहॉ पर उन्होंने मंत्री श्री पटेल से शिकायत करते हुए बताया कि अधिकारियों द्वारा छपवाये गए आमंत्रण पत्र में प्रोटोकाल का उल्लंघन किया गया है। उसमें ना तो जनपद अध्यक्ष का नाम और ना ही विधायक का।

**आमंत्रण पत्र में सिर्फ मुख्य अतिथि प्रहलाद पटेल का था नाम:** यहॉ उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत वारासिवनी के नवीन कार्यालय भवन के भूमिपूजन का जो आमंत्रण पत्र छपवाया गया था, उसमें सिर्फ एकमात्र नाम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का मुख्य अतिथि के रुप में दिया गया था। उनके अलावा आमंत्रण पत्र में जनपद अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जनपद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य किसी भी जनप्रतिनिधि का नाम नहीं था। यहॉ तक कार्यक्रम की अध्यक्षता में भी किसी का नाम नहीं दिया गया था। जिससे जनपद सदस्यों व विधायक में आक्रोश व्याप्त था। इसी की परिणीति थी कि विधायक विवेक पटेल ने भूमिपूजन में भाग नहीं लिया और फिर जनता के बीच नीचे कुर्सी पर बैठ गए। बताया जाता है कि मंत्री श्री पटेल के उन्हें मंच पर बुलाने के दौरान भी उन्होंने कहा कि वह सिर्फ मंत्री श्री पटेल का सम्मान करने के कारण ही कार्यक्रम में आए है। उसके बाद वह मंत्री श्री पटेल का सम्मान करते हुए मंच पर चले गए।



**विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व मंत्री के अलावा किसी को नहीं मिला बोलने का मौका:** इस कार्यक्रम में एक अहम बाद और हुई कि मंच पर सांसद भारती पारधी, विधायक विवेक विक्की पटेल, कटँगी विधायक गौरव सिंह पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, जनपद अध्यक्ष माया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे के उपस्थित होने के बावजूद केवल 3 नेताओं पहले विधायक विवेक पटेल, फिर सांसद भारती पारधी और उसके बाद मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का उद्बोधन हुआ और अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए मंचीय कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया। मंच पर बैठे हुए अतिथियों को संबोधन का अवसर ही प्रदान नहीं किया गया। यहॉ तक कि जिस जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, उसकी अध्यक्ष माया उइके को भी बोलने का अवसर नहीं मिला। जो जनता के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# आज मकर संक्रांति पर एकादशी का संयोग, पुलिस प्रशासन ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

**आज बुधवार 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस शुभ दिन पर षटतिला एकादशी का विशेष संयोग बन रहा है, जो ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ माना गया है।**





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कई वर्षों बाद मकर संक्रांति और एकादशी का ऐसा संयोग बना है, जिससे इस दिन दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन दान और पवित्र नदियों में स्नान और सूर्यदेव को अर्घ्य देने से साधक को पुण्य फलों की प्राप्ति होती हैं। इसके अलावा मकर संक्रांति पर खिचड़ी का सेवन और उसका दान भी महत्वपूर्ण होता है और इसे खिचड़ी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है।

पं. ज्ञानचंद तिवारी ने बताया कि इस साल मकर संक्रांति पर षटतिला एकादशी का संयोग बना हुआ है। अब चूंकि एकादशी पर चावल का सेवन करना वर्जित होता है। इसलिए इस साल मकर संक्रांति पर खिचड़ी का सेवन न करें। इस दौरान चावल का दान भी नहीं करना चाहिए। यह अशुभ हो सकता है। आप खिचड़ी का दान व सेवन अगले दिन यानी 15 जनवरी द्वादशी तिथि पर कर सकते हैं। वहीं आप मकर संक्रांति के दिन गुड़-तिल का सेवन कर सकते हैं। साथ ही इसका दान करना भी कल्याणकारी होता है।

सुबह से दोपहर बाद तक बन रहा अमृत सिद्ध योग- श्री तिवारी ने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन दोपहर 3.13 बजे सूर्य मकर राशि में गोचर करेंगे। यही कारण है कि, इस समय को दिन का सबसे पुण्य काल माना जा रहा है। इसके अलावा एकादशी तिथि 14 जनवरी को सूर्योदय से लेकर शाम 05.52 बजे तक रहेगी। आप इस अवधि में सूर्यदेव और भगवान विष्णु की उपासना कर सकते हैं। वहीं सुबह 7.15 से दोपहर 3.03 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग बना रहगो। इस दौरान सुबह 7.15 से अपरान्ह 03.03 बजे तक अमृत सिद्धि योग भी रहने वाला है।

मकर संक्रांति स्नान का शुभ मुहूर्त- मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर पवित्र नदियों एवं जलाशयों में पुण्य डुबकी लगाने, स्नान करने का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है। पं. ज्ञानचंद तिवारी ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर 14 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त स्नान सुबह 4.51 बजे से 5.44 बजे तक रहेंगा, जबकि महापुण्य काल दोपहर 3.13 बजे से शाम 5.20 बजे तक रहेंगा। इस दौरान स्नान, ध्यान, दान, पूजन अर्चन का विशेष महत्व है।

बैनगंगा सहित अन्य नदियों एवं जलाशयों में आयोजित होता है मेला- मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर जिले की जीवन दायिनी माता बैनगंगा नदी के उद्गम स्थल मुंडारा, लखनवाड़ा, पुसेरा-मुंगवानी, दिघौरी, बंडोल, छपारा, भीमगढ़, सुनवारा, देवघाट मझगवां, कोठीघाट, सिद्धघाट, सप्तधारा उगली, बैनगंगा-हिर्री संगम घाट में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इसके अलावा हिर्री नदी के विशेष घाटों, सागर नदी के घाटों सहित अन्य जलाशय, कुंडों में भी इस अवसर पर मेले का आयोजन किया जायेगा, जहां पर पहुंचकर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा की डुबकी लगायी जायेगी। पुलिस प्रशासन ने किया लखनवाड़ा बैनगंगा घाट का निरीक्षण-मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिला मुख्यालय से लगे लखनवाड़ा घाट में दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन प्रतिवर्ष 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन से प्रारंभ हो जाता है जो 15 जनवरी को भी लगता है। इस दौरान सिवनी ही नहीं बल्कि छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों से भी लोग पवित्र पावनी मां बैनगंगा नदी में डुबकी लगाने और घाट पर माता की पूजन अर्चन करने व मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचते है। मेले के आयोजन की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था के पु ता इंतजाम को लेकर प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, एसडीओपी सिवनी श्रीमती श्रद्धा सोनकर, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी लखनवाड़ा सीके सिरामे, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, डीएसपी प्रभारी नीरज दुबे के द्वारा लखनवाड़ा बैनगंगा घाट आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा के इंतजाम की समीक्षा की गई।

# बाबा ने सिवनी के साईं भक्तों की अर्ज़ी स्वीकार की, सिवनी आने की दी स्वीकृति



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के साईं भक्तों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि साईं बाबा ने उनकी सच्ची श्रद्धा और प्रार्थना को स्वीकार करते हुए सिवनी आगमन की स्वीकृति प्रदान की है। इस पावन अवसर पर बाबा की पादुका सिवनी पधारेंगी, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को प्रातः 10 बजे बाबा की पादुका का सिवनी में शुभ आगमन होगा। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में साईं भक्त शामिल होंगे।

बाबा की पादुका 19 और 20 जनवरी को सिवनी में विराजमान रहेंगी, इस दौरान भक्तों को दर्शन एवं पूजा का अवसर प्राप्त होगा। इसके बाद 21 जनवरी को बाबा की पादुका सिवनी से शिर्डी के लिए प्रस्थान करेंगी। इस शुभ अवसर पर सिवनी के सभी साईं भक्तों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## सेवा निवृत्त हुए 31 कर्मचारियों को किया गया पी.पी.ओ. वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हुए 31 शासकीय सेवकों को पेंशन पेमेन्ट आर्डर (पी.पी.ओ.) का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे भेंट कर उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### 10वाँ सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस का आयोजन मानस भवन में आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 10वाँ सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस जिले में बुधवार 14 जनवरी को मानस भवन सिवनी में दोपहर 2:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। आयोजित कार्यक्रम में जिले के भूतपूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं (वीर नारियों) एवं उनके आश्रितों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों के त्याग, समर्पण और राष्ट्र सेवा को सम्मान देना है। प्रशासन द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करें।

### मॉ नर्मदा जयंती पर मनाया जायेगा निर्झरणी महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 25 जनवरी मॉ नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदा नदि अंतर्गत आने वाले विभिन्न घाटों-स्थलों में निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में सिवनी में जिला स्तरीय कार्यक्रम घंसौर में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत सिवनी को नोडल एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घंसौर को सहयोगी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत दिवस दुग्ध सहकारी प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर के तत्वावधान में दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर के प्राचार्य वी. के. बर्वे के मुख्य आतिथ्य एवं पायल डहाटे की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पी. के. सूर्यवंशी, प्रबंधक, जिला सहकारी संघ मर्यादित, सिवनी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि वी. के. बर्वे ने अपने संबोधन में दुग्ध सहकारी समितियों की भूमिका, सहकारिता के महत्व तथा पशुपालकों की आय वृद्धि में दुग्ध सहकारिता के योगदान पर प्रकाश डाला।

### आईआईटी दिल्ली में सम्मानित होंगे सक्षम बघेल एवं हस्सान कुरैशी

आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित इनोवेशन स्टार्टअप कंपटीशन में देश भर से लाखों छात्रों ने आइडिया अपलोड किए थे सुपर 100 में शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी के छात्र सक्षम बघेल एवं हस्सान कुरैशी का आईडिया रद्ध फिजियोथैरेपी चयनित हुआ इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सम्मानीय कुमरे सर जिला चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सम्मानीय ठाकुर सर संस्था प्रमुख श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे एवं शाला परिवार ने छात्रों को शुभकामनाएं दीमार्गदर्शी शिक्षक यदुराज उईके ने बताया कि आइडिया घर पर ही फिजियो एक्सरसाइज करना सीखना है और गलती होने पर तुरंत बता देता है।

# गबन सिद्ध, फिर भी मेहरबान प्रशासन! एसडीएम की रिपोर्ट में दोषी पटवारी और सरपंच पर 15 दिन बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। केवलारी तहसील के ग्राम ढुटेरा (पांजरा) में शासकीय वन भूमि पर फर्जी तालाब बनाकर सरकारी राशि के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) की जांच में अपराध प्रमाणित होने के बावजूद दोषी पटवारी और पंचायत अमले पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

**वन भूमि पर हुआ फर्जी खेल**

शिकायतकर्ता आकाश नामदेव ने साक्ष्यों के साथ शिकायत की थी कि खसरा नंबर 284, जो कि शासकीय वन भूमि है, उस पर पटवारी कृति शिव, सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने सांठगांठ कर निजी खेत तालाब का निर्माण दर्शाया और मनरेगा मद की राशि का आहरण कर लिया।

## एसडीएम की रिपोर्ट ने खोली पोल

एसडीएम केवलारी द्वारा कराई गई जांच (प्रतिवेदन क्रमांक/1996 दिनांक 30/12/2025) में यह स्पष्ट पाया गया कि उक्त तालाब वन भूमि पर है और इसके लिए कूट-रचना कर सरकारी धन का गबन किया गया है। रिपोर्ट में पटवारी सहित पूरे पंचायत अमले को दोषी करार दिया गया था।

## शपथ-पत्र के बाद भी चुप्पी क्यों?

शिकायतकर्ता ने 12 जनवरी को एसडीएम को नोटरीकृत शपथ-पत्र देकर तत्काल निलंबन और एफआईआर की मांग की थी। मंगलवार को केवलारी थाने में शिकायतकर्ता के बयान भी दर्ज किए गए, लेकिन राजस्व विभाग की ओर से पटवारी को अब तक निलंबित नहीं किया गया है। दोषी पटवारी का पद पर बने रहना जांच को प्रभावित करने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका पैदा कर रहा है।

## इनका कहना है

जब सरकारी जांच में भ्रष्टाचार और गबन सिद्ध हो चुका है, तो प्रशासन दोषियों को बचा क्यों रहा है? यदि 24 घंटे में पटवारी का निलंबन और एफआईआर नहीं हुई, तो मैं कमिश्नर और मुख्यमंत्री के समक्ष गुहार लगाऊँगा।

**आकाश नामदेव, शिकायतकर्ता**

# सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया



**सोनार (प्रदीप तिवारी)।** सिवनी जिले के विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर में गत दिवस विश्व हिंदु परिषद बजरंगदल महाकौशल प्रांत धर्म प्रसार विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय यूवा दिवस के उपलक्ष्य में एक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम सुबह सबसे पहले ग्राम बनाथर के देवी माता, शिव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ आरंभ होकर, पूरे ग्राम के भ्रमणोंपरांत राम वन गमन पथ के अंतर्गत उल्लेखित प्रभु राघवेंद्र सरकार के वनवाश काल का उल्लेख मिलता है,प्रभु श्री राम जी,श्री लखन लाल और भारतेश्वरी माता जानकी के पद चिन्हों का यहां पडना अपने आप में आलौकिक है,जिसे श्री राम छज्जा के नाम से जाना जाता है, यहां पर पाषाण पत्थरों से निर्मित एक गुफा स्वरुप प्राचीन मंदिर, सीता माता की रषोई, भगवान के पद चिन्ह और निकट से धनई नदी जो जंगलों से होकर गुजरती है, ऐसा कहा जाता है कि माता जानकी को प्यास लगी तब लखन लाल को आदेश देकर धनुष बाण से एक रेखा खींचने से यह नदी अवतरित हुई है, जिसका नाम धनई पड गया,यहां सरभंगा श्रषी और जबाली श्रषी भी पहूंचे थे, ऐसी मान्यताओं के साथ यह स्थान बहुत ही रमणीय और दिव्य पावन अलौकिक है, यह बनाथर ग्राम के अंतर्गत एक पहाडी में यह दिव्य स्थान पर भगवान श्री राम मंदिर तक भजन मंडली के साथ पूरे ग्राम व क्षेत्रवासीयों ने पहुंचकर आरती पूजन पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस कार्यक्रम में पूजन कर आमंत्रित अतिथीयों का फूल माला भगवा वष्त्र और श्रीफल से स्वागत पश्चात इस कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार बजलंगी भाई श्रीराम लाल पटले, मंच संचालक रि. शिक्षक ब्रजमोहन टेंम्भ्रे, गगन देशमूख उगली प्रखंड के अशोक पटले प्रवीण मालू दिग्विजय सिंह राजपूत, कमलेश नागेश्वर और सभी क्षेत्रवासी और सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## बाइक की डिक्की से 2 तोले का सोने का हार सहित बैंक पासबुक, चेकबुक, खसरा-नक्शा चोरी

**सिवनी :** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकराचार्य चौक, छिंदवाड़ा रोड पर स्थित तिवारी होटल के बाजू गिरीश टेंडर्स के पास से चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित बालगोविंद सनोडिया पिता स्व. निरुत्तम सनोडिया, निवासी पीपरडाही ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार 12 जनवरी को दोपहर लगभग 4:15 बजे वह चना खरीदने गिरीश टेंडर्स गया था। इस दौरान उसने अपनी टीवीएस आईक्यू बाइक वहीं खड़ी की थी। बाइक की डिक्की में एक बैग रखा हुआ था, जिसमें 2 तोले का सोने का हार सहित बैंक पासबुक, चेकबुक, खसरा-नक्शा, पावती एवं कोर्ट से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। कुछ ही देर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइक की डिक्की खोलकर सोने का हार और सभी दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है तथा घटनास्थल गिरीश टेंडर्स पर लगे सीसीटीवी कैमरों, आसपास के कैमरों एवं शंकराचार्य चौक पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम विकास में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करायें - सुजीत जैन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक, एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र.शासन) जिला सिवनी द्वारा आज यहां जनपद पंचायत परिसर स्थित सभागार में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का श्री गणेश सुजीत जैन (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा) एवं श्रीमति अंजली शाह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के मुख्य अतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति पुष्प मेंहदीरत्ता और विभिन्न शासकीय विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र के महाप्रबंधक भगवानदास डेहरिया, पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक संदीप परते, पशु चिकित्सा विभाग के सहायक संचालक मनीष शेंण्डे एवं एनआरएलएम के संजय रस्तोगी एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों के स्वागत उपरांत विधिवत प्रारंभ किया गया। जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला द्वारा आज के इस कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक



अवगत कराते हुये कहा कि म.प्र. सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 02 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में स्वामी विवेकानंद जी की 164 वी जयंती के अवसर पर कल राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में मान. मुख्यमंत्री जी द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई है। आज इसी कडी में सिवनी जिले में भी इस अभियान की शुरूआत की जा रही है।

विकासखंडो और सेक्टर में होते हुये प्रस्फुटन ग्रामों तक इस अभियान की जो श्रंखला बनी है, उसे 26 जनवरी तक चलाया जायेगा। उन्होंने यहां उपस्थित परिषद के नेटवर्क से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। मुख्य अतिथि सुजीत जैन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन ने व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाई है, समाज में अंतिम पंक्ति में खडा व्यक्ति इन योजनाओं के बारे में नही जानता है और उसे इन योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त किया जाए, इससे अनभिज्ञ है, अतः यहां पर हमारी नैतिक जिम्मेंदारी बनती है कि हम इस अभियान के तहत ग्रामों में पात्र हितग्राहियों को ढूंढकर और उसे विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रयास करें। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति अंजली शाह द्वारा लखपति दीदियों का उदाहरण देते हुये सभी शासकीय योजनाओं को पहले स्वयं समझकर इसका लाभ प्रारंभ हो रहे ग्रामोदय से अभ्युदय और संकल्प से समाधान अभियानों में लाभ दिलाने के प्रयास करने की अपील की।

### धान उपार्जन में पारदर्शिता की जीत:अपने करीबी बिचौलियों को लाभ पहुंचाने हो रही शिकायत

# भोपाल से आई जांच टीम ने सिवनी के सर्वेयर को दी क्लीन चिट: अमानक खरीदी रोकने पर बड़ा बवाल

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत सिवनी जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर फैले भ्रम पर अब विराम लगता दिखाई दे रहा है। भोपाल मुख्यालय से आई आर.बी. एसोसिएट्स ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की उच्च स्तरीय जांच टीम ने जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का गहन निरीक्षण कर सर्वेयरों और सुपरवाइजरों को पूरी तरह निर्दोष करार दिया है।

जांच टीम के अनुसार अवैध वसूली जैसे आरोप बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण पाए गए हैं। टीम ने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन किए जाने के कारण कुछ असंतुष्ट तत्वों द्वारा कर्मचारियों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

जांच दल ने लखनादौन, धूमा, धनोरा एवं सिवनी सहित दर्जनों संवेदनशील उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान समिति प्रबंधकों, वेयरहाउस संचालकों एवं स्व-सहायता समूहों से सीधे संवाद किया गया। सभी संबंधित पक्षों ने लिखित बयान देकर यह पुष्टि की कि किसी भी सर्वेयर या सुपरवाइजर द्वारा अवैध राशि की मांग नहीं की गई।

## गुणवत्ता से समझौता नहीं, यही बनी विवाद की वजह

जांच रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया कि सर्वेयरों का कार्य केवल एफएक्यू मानकों के अनुरूप धान की गुणवत्ता जांच तक सीमित है।

कंपनी का कहना है कि जब अमानक धान को नियमों के तहत रिजेक्ट किया गया, तो कुछ बिचौलियों और हितधारकों को नुकसान हुआ और उसी का नतीजा झूठे आरोपों के रूप में सामने आया।

## ऑनलाइन चयन प्रक्रिया, पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था

भर्ती में अनियमितता के आरोपों को भी जांच में खारिज किया गया। कंपनी ने बताया कि सर्वेयरों का चयन मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन की शर्तों के अनुरूप पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हुआ है, जिससे किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

## किसानों के हित में नई पहल

किसानों को राहत देते हुए उपार्जन केंद्रों पर यह व्यवस्था लागू की गई है कि यदि धान मानक से कम पाया जाता है, तो किसान को लौटाया नहीं जाता। पंखे व छरने उपलब्ध कराकर मौके पर ही धान की सफाई कराई जा रही है, जिससे किसानों को दोबारा लाने की परेशानी नहीं होती और खरीदी की गति भी बढ़ी है।

# सुरों के महासंग्राम में सिवनी बना राष्ट्रीय मंच: राष्ट्रीय सारेगामापा फाइनल में नागपुर के तनिष गजभिये बने विजेता

### भव्य आयोजन के साथ राष्ट्रीय सारेगामापा व स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह संपन्न

**द्वितीय स्थान पर जबलपुर के विशेष मेश्राम जबकि तृतीय स्थान पर मंडला के चितवन सुखवानी रहे**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जिला मनोरंजन समिति एवं दैनिक पृथ्वी टाइम्स के संयुक्त तत्वावधान में सिवनी के बड़ा मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय सारेगामापा गायन प्रतियोगिता का भव्य फाइनल एवं स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

इस आयोजन ने सिवनी को एक बार फिर राष्ट्रीय सांस्कृतिक और संगीत मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 30 प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने फिल्मी, नॉन-फिल्मी एवं शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुतियों से ऐसा सुरमयी वातावरण रचा कि दर्शक देर रात तक संगीत में डूबे रहे। भव्य मंच, उत्कृष्ट साउंड सिस्टम और सुव्यवस्थित आयोजन ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाई। प्रतियोगिता के फाइनल में नागपुर के तनिष गजभिये ने अपनी भावनात्मक और सधी हुई प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबलपुर के विशेष मेश्राम को द्वितीय एवं मंडला के चितवन सुखवाणी को तृतीय स्थान मिला। निर्णायकों द्वारा सुर-ताल, लय, भाव, रागबोध एवं मंचीय संतुलन के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में ज़ी टीवी सारेगामापा एवं अन्य राष्ट्रीय मंचों से जुड़ीं स्टार सिंगर सौम्या शर्मा की सशक्त गायकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि लोकप्रिय यूट्यूब कलाकार देव पवार की कॉमेडी और मिमिक्री ने कार्यक्रम को जीवंत और मनोरंजक बना दिया। फाइनल में प्रसिद्ध संगीतकार मिथलेश वासु की ऑर्गन की-बोर्ड प्रस्तुति ने आयोजन को अविस्मरणीय ऊँचाई प्रदान की। इसी अवसर पर आयोजित स्व. महेश चंद्र मालू सम्मान समारोह में समाजसेवा, संगीत और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक नेतृत्व तथा प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की प्रतिष्ठा और प्रभावशीलता और अधिक बढ़ी। राष्ट्रीय स्तर के इस सफल सांस्कृतिक आयोजन ने न केवल उभरती संगीत प्रतिभाओं को सशक्त मंच दिया, बल्कि सिवनी की सांस्कृतिक पहचान को देशभर में मजबूती से स्थापित करते हुए इसे एक प्रमुख संगीत केंद्र के रूप में उभार दिया।

## 200 से अधिक परिवार ऐसे हैं जिन्हें विस्थापन की शेष राशि नहीं मिली

# विस्थापितों का प्रशासन को अल्टीमेटम : जब तक उन्हें पूरी राशि नहीं मिलेगी, वे अपने घर नहीं छोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लालबर्रा जनपद पंचायत के वनग्राम चिखलाबड्डी, नवेगांव और सोनेवानी के विस्थापित परिवारों को अब तक विस्थापन की पूरी राशि नहीं मिली है। इससे नाराज परिवारों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि जब तक उन्हें पूरी राशि नहीं मिलेगी, वे अपने घर नहीं छोड़ेंगे।



दरअसल, सोनेवानी वन परिक्षेत्र को संरक्षित करने के लिए इन वनग्रामों में रह रहे परिवारों को विस्थापित करने का निर्णय लिया गया था। इन परिवारों को दिसंबर 2025 तक प्रति परिवार विस्थापन की राशि देने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, यह समय-सीमा बीत जाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

विस्थापितों का कहना है कि पहली किश्त के रूप में मिली राशि से कई परिवारों ने अपने मकानों का निर्माण शुरू कर दिया था, लेकिन राशि खत्म होने के कारण काम अधूरा पड़ा है। वे अब अपने घरों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

कुछ परिवारों ने जमीन खरीदने के लिए बयाना दिया था, लेकिन रजिस्ट्री की समय-सीमा समाप्त होने के कारण उनका बयाना फंस गया है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

पूर्व जनपद सदस्य झनकारसिंह उइके ने बताया कि 200 से अधिक परिवार ऐसे हैं जिन्हें विस्थापन की शेष राशि नहीं मिल पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि विस्थापित परिवार सालई और टेकाड़ी पंचायत की आवास भूमि पर बसे हैं, जबकि कुछ ने जमीन खरीदने के लिए बयाना दिया है।

उइके के अनुसार, पहली किश्त के रूप में 5 लाख रुपये की राशि दी गई थी, लेकिन शेष राशि के अभाव में परिवार न तो अपने मकान पूरे कर पा रहे हैं और न ही नई जमीन खरीद पा रहे हैं। विस्थापित परिवारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द शेष राशि जारी करने की मांग की है।

## कार्यालय निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक सम्पन्न

# बालाघाट जिले में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नवागत मुख्य अभियंता का प्रथम आगमन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 12 जनवरी सोमवार को जबलपुर क्षेत्र अंतर्गत पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में पदस्थ नवागत मुख्य अभियंता आदरणीय इंजी. एस. के. गिरिया का बालाघाट वृत्त में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम बालाघाट संभागीय कार्यालय एवं बालाघाट वृत्त कार्यालय का निरीक्षण किया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तत्पश्चात बालाघाट कैंपिंग हाउस में समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं विभिन्न यूनियन संगठनों द्वारा नवागत मुख्य अभियंता महोदय का हर्षोल्लास के साथ स्वागत-सत्कार एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया।इसके उपरांत मॉयल भरवेली रेस्ट हाउस में बालाघाट वृत्त के समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अभियंता महोदय द्वारा वृत्त के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए—मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्तमान में संचालित समाधान योजना की प्रगति एवं टॉप-200 उपभोक्ता सूची पर विशेष ध्यान देते हुए योजना का लाभ अधिकतम उपभोक्ताओं तक पहुँचाने तथा शत-प्रतिशत राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश,रबी सीजन के दौरान कृषि उपभोक्ताओं को 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश तथा पिछले वर्ष की तुलना में कृषि पंप टीसी कनेक्शन की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया वही फील्ड एवं सबस्टेशन में रखे फेल डीटीआर को तत्काल बदलकर एरिया स्टोर में वापस करने के निर्देश,IOMS पोर्टल पर शटडाउन/ब्रेकडाउन की जानकारी समय पर एवं गंभीरता से दर्ज करने के निर्देश।वर्क प्लान में शेष पीटीआर/एडिशनल डीटीआर कार्य एवं डीटीआर भार वृद्धि के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु ईई (STC/STM) को निर्देश।सभी वितरण केंद्र प्रभारियों को उपभोक्ताओं से शालीन एवं विनम्र व्यवहार, कॉल अटेंड करने तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश, साथ ही कार्यालयों में बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश,सभी 33/11 केवी उपकेंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने एवं सुरक्षित कार्य पद्धति अपनाने के निर्देश,कंपनी द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।सभी कार्यालयों एवं उपकेंद्रों में उपभोक्ता फीडबैक हेतु क्यूआर/बारकोड लगवाने के निर्देश ,समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्य अभियंता द्वारा वारासिवनी संभाग कार्यालय पहुँचकरअधिकारी-कर्मचारियों से भेंट की गई तथा वहाँ स्थित सबस्टेशन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार व्रत बालाघाट, कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे, (संभाग बालाघाट), श्री लक्ष्मण सिंह बैहर संभाग एवं श्री बाबूलाल बैना वारासिवनी संभाग, श्री चंद्रहास चंद्राकर एसटीसी संभाग बालाघाट, सहित जिले के समस्त सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता , व साथी कर्मचारी व यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## मामला गड़ी क्षेत्र उपार्जन केंद्र का

# घूरीघाट बैरियर बंद होने से किसान परेशान






हरिभूमि न्यूज गढ़ी ।

गढ़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पटवा और छतरपुर के किसान अपनी उपज बेचने के लिए इन दिनों काफी परेशान नजर आ रहे हैं वन विभाग के द्वारा घूरीघाट बैरियर बंद होने के कारण उपरोक्त क्षेत्र में रह रहे किसान अपनी उपज धान की फसल खरीदी केंद्रों में नहीं पहुंचा पा रहे हैं बफर जोन में आने के कारण उपरोक्त मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया गया है छतरपुर के किसानों का कहना है कि फॉरेस्ट के द्वारा मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया गया है हमारे द्वारा फसल तो केंद्र तक पहुंचने में बाधा आ रही है समितियों से ऋण भी लाखों का ले रखे हैं केंद्रों में फसल बेचने के बाद किसानों का ऋण चुकता हो जाता है किंतु वन विभाग ने उपरोक्त मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया है अब किसान शासन प्रशासन से इस संबंध में निराकरण की मांग कर रहा है।

# उकवा क्षेत्र की किस नदी किनारे संपन्न हुआ अनुभूति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।








13 जनवरी 2026 को मध्य प्रदेश के वन विभाग, म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड, मध्य प्रदेश लघु वनोपज संघ एवं कैम्पा के तत्वावधान में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा सा. अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दक्षिण उकवा की किस नदी क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और वनों के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को निर्धारित स्थल पर लाया गया और उन्हें स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात बच्चों को ट्रेल भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण में उन्हें पक्षी दर्शन, औषधीय पौधों के महत्व, वानिकी कार्यों और वनों की अहमियत के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को मानव एवं वन्य प्राणी संघर्ष के विषय में भालू के एक खेल के माध्यम से समझाया गया। यह अनुभव बच्चों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और रोमांचक रहा। भ्रमण के उपरांत बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन का आयोजन किया गया। भोजन के पश्चात बच्चों में रचनात्मकता और ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने के लिए चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं ने बच्चों में उत्साह और उमंग भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अशोक मंडलेकर (जिला अध्यक्ष, लघु वनोपज संघ, बालाघाट) ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इनके अतिरिक्त श्रीमति मालती उइके (सरपंच ग्राम पंचायत बिठली), कमल सिंह धुर्वे (सरपंच ग्राम पंचायत सोनगुड्डा),प्रतापसिंह उइके(अध्यक्ष, ग्राम वन समिति सुंदरवाही ), मेहतलाल इनवाती (अध्यक्ष, ग्राम वन समिति दूल्हापुर), ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन के लिए चार्ल्स (मास्टर ट्रेनर) का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपवनमंडलाधिकारी उकवा सा. तरुण कुमार डहेरिया,परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा सा. आशुतोष सिंह,परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सा. सुश्री प्रियंका मरकाम, परिक्षेत्र सहायक पितकोना दिलीप डोंगरे, परिक्षेत्र सहायक सोनगुड्डा मनोज चौहान, परिक्षेत्र सहायक बिठली 02 अरविंद मड़ावी,परिक्षेत्र सहायक डाबरी परमानन्द उइके और परिक्षेत्र सहायक बिठली 01 कीर्तन सिंह धुर्वे एवं मनोज कुमार मरकाम वन चौकी प्रभारी बिठली, महेश चौरे वन चौकी प्रभारी सोनगुड्डा, दिग्विजय सिंह चंदेल, युवराज भोयर, विजय सातुनकर, प्रकाश बोपचे, अभिषेक कटरे, मनीष बिसेन, राजेश नेवारे, दिलेंद्र नागपुरे, अश्विन शेंडे, रामसिंह धुर्वे, गोविंदा बोरबन, अखिल कुरैशी, कुंदन कुशवाहा, योगेश धुवारे, राजेश खरे, त्याशिकेतु सिंह, विनय कुमार धुर्वे, श्रीमति ममता नेताम, वनरक्षक बसंत, भीमते सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फाउंटेन इंग्लिश स्कूल नेवरगांव (ला.) में पाई गई कमियां. नोटिस जारी

# निजी स्कूलों में नहीं हो रहा शासन के मापदंड का पालन

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा क्षेत्र सहित ग्राम नेवरगांव (ला.) में नर्सरी से लेकर आठवीं तक संचालित निजी स्कूल शासन के मापदंड के विपरीत संचालित हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ब्रिलिएंट कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल पोंडी नेवरगांव ला.और फाउंटेन चिल्ड्रन इंग्लिश स्कूल नेवरगांव उक्त दोनों निजी स्कूल मे समस्याओं का अंबार है.? ना तो छात्र-छात्राओं को खेलने के लिए ग्राउंड है.. और ना ही अध्ययन करने के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था है ना ही पुस्तकालय है और ना ही प्रयोगशाला. वही स्कूल में पसरी अव्यवस्थाओं को लेकर ब्रिलिएंट इंग्लिश स्कूल के पांचवी क्लास के एक छात्र ने मीडिया को बताया कि हमारे स्कूल की हालत बहुत ही बेकार है ना तो क्लास के लिए कमरा है और ना ही खेलने के लिए ग्राउंड और स्कूल वाहनों की स्थिति तो आपको बता रहा हूं हर एक-दो दिन में गाड़ी बिगड़ जाती है। हमें सिर्फ दो मेम पढ़ाती है हमारे स्कूल में अच्छी पढ़ाई नहीं होती।

**कक्षाओं के लिए नहीं है कमरे , बाहर हाल में लगती है क्लास:** वैसे तो कॉन्वेंट से आठवीं तक निजी स्कूलों के लिए सरकार ने दिशा निर्देश जारी की है। लेकिन दिशा निर्देशों का पालन निजी स्कूल संचालक नहीं कर रहे हैं पैसे कमाने की होड़ में लगे हैं। ताजा मामला नेवरगांव ( ला.) के दो निजी स्कूल का प्रकाश में आया जिसमें ब्रिलियंट कान्वेंट इंग्लिश स्कूल के पांचवी कक्षा के एक छात्रा ने बताया कि हमें बाहर हाल में बैठालकर पढ़ाया जाता है हमारे क्लास के लिए कोई कमरा नहीं है हमारे स्कूल में सुविधा बहुत बेकार है पढ़ाई भी अच्छे से नहीं होती है पीने की पानी की भी अच्छी व्यवस्था नहीं है खेलने के लिए ग्राउंड नहीं है बंधियों में खेलने जाना पड़ता है। स्कूली वाहन तो हर एक-दो दिन में बिगड़ जाते हैं. बड़ा सवाल तो यह है कि नियम कानून को ताक पर रखकर निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है आखिर ऐसे निजी स्कूलों को मान्यता कैसे मिल गई ! जब मीडिया प्रतिनिधि द्वारा निजी स्कूलों में व्याप्त अवस्थाओं के संबंध में बीआरसी श्री राम तुरकर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नेवर गांव में संचालित फाउंटेन इंग्लिश स्कूल के प्रधान पाठक को नोटिस जारी कर दिया गया है और दो दिन के भीतर निरीक्षण उपरांत स्कूल में पाई गई कमियों पर जवाब मांगा गया है।





**कैसे मिल गई मान्यता..शिक्षा विभाग पर सवाल:** सवाल यह है लालबर्रा क्षेत्र में ऐसे दर्जनों स्कूल है जो शिक्षा विभाग के नियम को ठेंगा दिखाकर संचालित किये जा रहे हैं, ना तो संचालकों के पास खुद के भवन है और नहीं अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है स्कूल संचालक मनमानी पर उतारू है और पैसे कमाने में लगे हैं ना तो उन्हें बच्चों के आर्थिक विकास की चिंता है ना ही उनके उज्जवल भविष्य के प्रति कोई जवाबदेही है।आखिर यह शिक्षा का मंदिर है या व्यवसाय.? ऐसे निजी स्कूलों को मान्यता कैसे मिल गई. जो जांच का विषय तो है ही लेकिन विभाग की निष्क्रियता को भी दर्शाता है. लालबर्रा क्षेत्र में संचालित नर्सरी से लेकर आठवीं तक तमाम निजी स्कूलों की जांच होनी चाहिए और शासन के मापदंड का पालन नहीं करने वाले स्कूलों के संचालकों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

मामला बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा के संज्ञान में लाया गया है और मांग की गई है कि जल्द से जल्द निजी स्कूलों की अव्यवस्थाओं में सुधार हो और शासन के नियमों का पालन नहीं करने वाले निजी स्कूल की मान्यता रद्द हो और संचालकों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय।

# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल के इंटरनेशनल राइला का आयोजन

## कान्हा में भारत के साथ ही विदेश से आए बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राइला (रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड) का आयोजन सेलिब्रेशन वन विला कान्हा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि करनदीप सिंह (आईपीएस), डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल, पल्लवी जायसवाल, पीडीजी राकेश चतुर्वेदी (रिटायर्ड प्रिंसिपल सीएफ, छत्तीसगढ़), डीजीएनडी नवीन भावसार, सुमन भावसार, डॉ. संतोष राय, डॉ. ईला गुप्ता, रायला एडवाइज़र कमलजीतसिंघ छाबड़ा, रायला डिस्ट्रिक्ट चेयर बलजीतसिंघ छाबड़ा, वरिष्ठ रोटेरियन राज दुबे उपस्थित रहे।

राइला कार्यक्रम में देश एवं विदेश से आए लगभग 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें अमेरिका, ब्राज़ील, मैक्सिको, फ्रांस, बेल्जियम एवं जर्मनी से आए 10 विद्यार्थी भी शामिल थे। जिन्हें नेशनल यूथ एक्सचेंज स्टूडेंट्स कहा जाता है। इसके साथ ही सेंट मैरी स्कूल बालाघाट, ओजस ग्लोबल स्कूल बालाघाट, बालाघाट इंग्लिश स्कूल, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बरगढ़ (ओडिशा), हैम अकादमी जगदलपुर (छत्तीसगढ़), संस्कार स्मार्ट स्कूल एवं संस्कार गुरुकुल स्कूल जगदलपुर (छत्तीसगढ़) के विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष रूप से सराहनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने, प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. संतोष राय द्वारा कम्युनिकेशन स्कील्स, पब्लिक स्पीकिंग एंड कांफीडेंस, कैरियर गाईडेंस एंड गोल सेटिंग विषयों पर सत्र लिए गए। पीपी कमलजीत सिंघ छाबड़ा ने इंट्रोडक्शन ऑफ लीडरशीप विषय पर मार्गदर्शन दिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डिज़ाइनैट नवीन भावसार एवं सुमन भावसार ने इंम्पोर्टेंस ऑफ टाईम मैनेजमेंट पर प्रकाश डाला गया। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राकेश चतुर्वेदी ने एथिक्स एंड वेल्युज इन लीडरशीप पर अपने विचार साझा किए गए। डॉ. एला गुप्ता ने मेंटल वेलनेस एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट पर उपयोगी सत्र लिया। वहीं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने प्रेरणादायक मोटिवेशनल टॉक के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जुम्बा ट्रेनर श्रुतिका बिसेन एवं उनकी टीम ने शारीरिक फिटनेस एवं जुम्बा कक्षाएं आयोजित की गईं। सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को कान्हा नेचर ट्रेल के अंतर्गत लगभग दो घंटे की जंगल ट्रैकिंग गाइड के मार्गदर्शन में कराई गई।

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त चयनित विद्यार्थियों को इमर्जिंग लीडर अवॉर्ड, मोस्ट रिस्पॉन्सिबल पार्टिसिपेंट अवॉर्ड, फ्यूचर लीडर अवॉर्ड, आउटस्टैंडिंग अवॉर्ड एवं राइला स्टार अवॉर्ड से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बैगा परिवारों को कंबल वितरित किए गए। राइला के समापन समारोह का मुख्य आकर्षण बैगा नृत्य रहा। जिसे विद्यार्थियों, अतिथियों एवं शिक्षकों ने उत्साह के साथ आनंद उठाया और इसकी सराहना की। यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू, कोषाध्यक्ष राजेश गांधी, नरेंदरसिंघ छाबड़ा, प्रेसिडेंट इलेक्ट अंकित अग्रवाल, विक्रम सिंह भूते, धनेंद्र राहांगडाले, सौरभ हरिनखेड़े एवं रायपुर क्लब अध्यक्ष उत्तम गर्ग उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में समिति की सार्वजनिक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज गढ़ी।** शिव मंदिर गढ़ी में बड़े उत्साह के साथ समिति की बैठक का आयोजन किया गया विगत 8 जनवरी को शिव मंदिर पुराना थाना में सार्वजनिक बैठक की गई जिसका उद्देश्य है मंदिर का जीर्णोद्धार , सुविधा विकसित व भव्य निर्माण करना एवं समिति को मजबूत बनाना है वहीं मंदिर की रूपरेखा तैयार कर सुसज्जित बनाना है उक्त समिति बैठक में अधिक से अधिक ग्रामवासियों, गणमान्य नागरिक एवं अन्य ग्राम के सरपंचों एवं प्रमुख जन भी बैठक में उपस्थित रहे वर्ष 2021 से अब तक कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में समिति का कार्य कर रहे खेमराज (प्रकाश) बंधैया ने सर्वप्रथम ग्राम के नागरिकों को संबोधित कर बताया कि ग्राम के श्रृद्धालू लंबे समय से मंदिर में श्रद्धा से पूजा अर्चना के लिए आना चाहते है । लेकिन मंदिर की जीर्णशीर्ण दशा देखकर लगातार पुनरुथान की मांग कर रहे है जीर्णोद्धार, विकास कार्य और सुविधा विकसित करने के लिए समिति ने बैठक का आयोजन किया ताकि आस्था के इन केंद्रों की विरासत बरकरार रह सके जिसे देखते हुए 15 से 20 प्रमुख जनो की समिति तैयार कर सहयोग लेकर चबूतरा का मरम्मत कार्य ठीक कराया गया और शिवलिंग की भी साफ सफाई कर एवं सुसज्जित बनाया गया एवं पूजा अर्चना की गई और आगे के कार्य के लिए एक अस्थाई समिति बनाई गई जिसके बाद से श्रृद्धालू नियमित पूजा करने आते है 2022 में गढ़ी पंचायत के साथ बैठकर पुनः रूपरेखा तैयार की गई जिसमें पंचायत गढ़ी का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ निरंतर पंचायत एवं समिति मिलकर समय समय पर बैठक कर योजना बनाते रहे परंतु विगत 8 जनवरी को समूचे ग्राम की सार्वजनिक बैठक कर स्थाई समिति का गठन किया गया जिसमें श्री सूर्यकांत पांडे को समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।



## 126 विद्यार्थीयो को वनो का भ्रमण करवाकर प्राकृतिक सौंदर्य से कराया अवगत, बच्चो को मिला सम्मान

# खैरलांजी वन परिक्षेत्र के द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** वन परिक्षेत्र खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले सहायक वन परिक्षेत्र कटोरी के भंडारबोडी भाग दो बीट कक्ष क्रमांक 593 में वन विभाग खैरलांजी के तत्वावधान में अनुभति कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक के मुख्य उपस्थिती में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, श्रीमती मधू ऋषि शुक्ला, टेकाडीघाट वन समिती अध्यक्ष प्रणय गौरे, पुलपुट्टा वन समिती अध्यक्ष नितूलाल लिल्हारे ,चैनलाल कटरे सहित अन्य अतिथीगण शामिल हुए। अनुभति कार्यक्रम मध्य प्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित किया जाता है। इस दौरान वन विभाग के द्वारा कन्या शाला शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय खैरलांजी एंव शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय घुबडगोंदी के करीब 126 अध्ययनरत विद्यार्थीयो को वनो का पथ भ्रमण करवाकर वन्य प्राणी , पर्यावरण संरक्षण एंव वनो के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए वनो के प्राकृतिक सौंदर्य से अवगत करया गया एंव साथ ही बच्चो को सामूहिक रूप से वन्य प्राणी एंव पर्यावरण संरक्षण एंव वनो की सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई गई। जिसके बाद विधार्थीयो की वस्तुनिष्ठ प्रश्नो की परीक्षा आयोजित की गई जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रतिभावान विधार्थीयो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।इस दौरान मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र वडीचार एंव महेंद्र ठवरे के द्वारा स्कूल के अध्ययनरत बच्चो को वन्य प्राणी, पर्यावरण संरक्षण एंव वनो के महत्व व प्राप्त होने वाले लाभो को विस्तृत रूप से बताया गया। बच्चो के द्वारा अनुभति कार्यक्रम के माध्यम से वनो के प्राकृतिक सौंदर्य व दृश्य से रूबरू होकर आनंदित हुए और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वन विभाग की सराहना की। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक, मिरगपुर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अमोल सिंह धुर्वे, युवराज बोरकर डिप्टरेंजर खैरलांजी, विजय सिंग कुसरे डिप्टरेंजर कटोरी, रामेश्वर बिसेन जिलाध्यक्ष लघु वनोपज संघ दक्षिण वन मंडल सामान्य बालाघाट, लक्ष्मीदेवी चौहान लिपिक वन विभाग, महेंद्र बिसेन, रोधन चौधरी, गणेश ठकरले, रत्ननेश गुप्ता, कोमल लिल्हारे, अलकेश सर , भुवनेश्वर बिसेन सहित अन्य शिक्षक एंव वन विभाग का अमला मौजूद रहा।

